Title: Need for implementation of recommendation of Backward Classes Commission for inclusion of certain castes in backward class list.

श्री प्रदीप कुमार यादव (कन्नौज): सभापति महोदय, पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी स्थापना से अब तक पिछड़ी जातियों में शामिल करने हेतु जातियों की एक सूची भेजी थी और अपनी अनुशंसा की थी, किन्तु उनमें से अभी तक केवल तीन जातियों को पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल किया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपने गहन अध्ययन के बाद यह सूची भेजी है। अतः पिछड़ा वर्ग आयोग ने जो अनुशंसा भेजी है उसको जल्द स्वीकृत किया जाए, जिससे पिछड़ी जातियों को आगे बढ़ने का लाभ मिल सके।